बुधवार
22 नवंबर 2023

# केशव टाइम्स

डिजिटल संस्करण

आपकी आवाज



लाखों रु. के हेरोइन और नगदी के साथ दो अंतरजिला तस्कर गिरफ्तार

2



## सरकार पराली जलानेवाले किसानों से नहीं खरीदे अनाज: सुप्रीम कोर्ट

**एजेंसी/नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट में मंगलवार को दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण के मामले पर सुनवाई हुई। अदालत ने सुनवाई के दौरान पंजाब के वकील से पूछा कि खेतों में जलाई जा रही पराली यानी फार्म फायर का क्या हुआ है? इसके जवाब में वकील ने कहा कि सरकार ने कदम उठाए हैं। हमारा सुझाव है कि केंद्र और सभी राज्य मिलकर समयबद्ध काम करें ताकि अगले मौसम में यह स्थिति न बने। अदालत ने कहा कि अगले मौसम का इंतजार नहीं होगा। हम मामले की निगरानी करेंगे।

अदालत ने कहा कि अगर कुछ किसान पराली जला रहे हैं, तो सरकार सख्ती क्यों नहीं कर रही है। आप उन किसानों से अनाज नहीं खरीदें, जो पराली जलाते हैं। जो कानून तोड़ते हैं, उन्हें लाभ क्यों मिले? शीर्ष अदालत की पीठ ने कहा कि हालांकि ये भी है कि जब दूसरे राज्यों का अनाज एमएसपी के लिए पंजाब में बिक सकता है, तो किसी किसान का अनाज दूसरा किसान क्यों नहीं बेच सकता है? इसलिए शायद इससे समाधान नहीं होगा।

### क्या किसानों पर लगा जुर्माना वसूला गया?

अदालत ने पंजाब सरकार की ओर से पेश हुए वकील से पूछा कि आपने दो करोड़ रुपये जुमार्ना लगाने की बात कही. जुर्माना सिर्फ लगाया ही गया है या फिर वसूला भी है? हमें अगली सुनवाई में वसूली के बारे में बताइए। हम यह भी जानना चाहते हैं कि आपने जो एफआईआर दर्ज की है। वह खेत के मालिक पर है या फिर अज्ञात लोगों पर? पीठ ने कहा कि चूंकि एमएसपी न देने से समाधान नहीं होगा, तो क्या पराली जलाने वालों को धान की खेती से रोका जा सकता है?

## सभी विभाग आरक्षण अधिनियम के प्रावधानों को पूर्णतः लागू करें: नीतीश

- मुख्यमंत्री ने राज्य के सभी सरकारी विभागों में आरक्षण (संशोधन) अधिनियम-2023 के प्रावधानों को लागू करने के लिए की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक

**केटी न्यूज/पटना**



मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मंगलवार को राज्य के सभी सरकारी विभागों में आरक्षण (संशोधन) अधिनियम-2023 के प्रावधानों को लागू करने के लिए उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार में सभी दलों की सहमति से जाति आधारित गणना कराई गई। जाति आधारित गणना की रिपोर्ट आने के बाद बिहार विधानसभा और बिहार विधान परिषद् में उस पर चर्चा की गई और उसके आधार पर सभी वर्गों की स्थिति को ध्यान में रखकर आरक्षण की सीमा को बढ़ाकर 75 प्रतिशत तक किया गया। दोनों सदनों से यह विधेयक सर्वसम्मति से पारित कराया गया और इसका गजट प्रकाशित हो चुका है। सभी विभाग इसको ध्यान में रखते हुए आरक्षण अधिनियम के प्रावधानों को पूर्णतः लागू करें ताकि लोगों को इसका तेजी से लाभ मिले।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जाति आधारित गणना में लोगों की आर्थिक स्थिति की भी गणना करायी गयी है जिसके आधार पर तय किया गया है कि प्रत्येक गरीब परिवार को दो लाख रुपये की राशि उपलब्ध कराई जाएगी। भूमिहीन परिवारों को मकान बनाने के लिए जमीन क्रय हेतु एक लाख रुपये की राशि उपलब्ध कराई जाएगी। सतत जीविकोपार्जन योजना के प्रत्येक लाभार्थी को 2 लाख रुपए तक का लाभ दिया जायेगा। राज्य में अब तक 1 करोड़ 30 लाख जीविका दीदियां स्वयं सहायता समूह से जुड़ चुकी हैं, अब 1 करोड़ 50 लाख जीविका दीदियों को स्वयं सहायता समूह से जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। शहरों में भी अब स्वयं सहायता समूह का गठन किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2005 ई0 में सरकार में आने के बाद से राज्य सरकार सभी वर्गों के लिए न्याय के साथ विकास का कार्य कर रही है। सभी जाति एवं सभी वर्गों के हित के लिए सरकार लगातार काम कर रही है। उन्होंने कहा कि 12.5 प्रतिशत बच्चे स्कूल से बाहर थे, जिन्हें स्कूल पहुंचाया गया और अब स्कूल से बाहर रहने वाले बच्चों की संख्या आधे प्रतिशत से भी कम हो गयी है। जब सर्वे कराया गया तो पता चला कि पति-पत्नी में अगर पत्नी मैट्रिक पास है तो देश की प्रजनन दर 2 थी और बिहार की भी प्रजनन दर 2 थी। पति-पत्नी में अगर पत्नी इंटर पास है तो देश की प्रजनन दर 1.7 थी और बिहार की प्रजनन दर 1.6 थी। इसको ध्यान में रखते हुए लड़कियों की शिक्षा पर हमने काफी जोर दिया। लड़कियों के शिक्षित होने से राज्य की प्रजनन दर घटी है। महिलाओं के शिक्षित होने से न सिर्फ उनका भला होता है बल्कि पूरे परिवार एवं समाज का भला होता है। उन्होंने कहा कि राज्य में काफी संख्या में सड़कों और पुल-पुलियों का निर्माण कराया गया।

### राज्य में कानून-व्यवस्था को हर स्थिति में कायम रखें

मुख्यमंत्री ने कहा कि कानून व्यवस्था को बेहतर बनाया गया है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि राज्य में लॉ एंड ऑर्डर को हर स्थिति में कायम रखें। जो भी व्यक्ति गड़बड़ करते हैं चाहे वे कोई भी हों उन पर सख्त कार्रवाई करें। समाज में प्रेम और भाईचारे का माहौल कायम किया गया। उन्होंने कहा कि मंदिर और कब्रिस्तान की घेराबंदी कराई गई है जो बचे हुए हैं उनकी घेराबंदी भी जल्द कराएं। राज्य में कई आईकोनिक बिल्डिंग बनाई गई है। कई नये सरकारी भवनों बनाए गए हैं। सभी का ठीक ढंग से मेंटेनेंस करवाएं। बेहतर पथों के निर्माण के साथ-साथ उसका मेंटेनेंस भी जरूरी है। उन्होंने कहा कि बच्चों को हर हालत में बेहतर शिक्षा जरूरी है। स्कूलों में पठन-पाठन का कार्य बेहतर ढंग से कराएं। साथ ही सभी अभिभावकों को प्रेरित करें कि अपने बच्चों को नियमित रूप से स्कूल भेजें।

### मधुबनी में फुलपरास के पास हुई घटना, गुस्साई भीड़ ने गाड़ी में की तोड़फोड़

# मधेपुरा डीएम की गाड़ी ने पांच लोगों को रौंदा, तीन की मौत, दो की हालत गंभीर

- चश्मदीदों बोले- घटना के बाद डीएम एक बाइक पर बैठकर रवाना हो गए
- डीपीआरओ कुंदन सिंह बोले- डीएम हमारे मुख्यालय में हैं, जिस गाड़ी से हादसा हुआ उसमें वह नहीं थे

**केटी न्यूज/पटना**

बिहार के मधुबनी में मंगलवार की सुबह करीब सुबह 8.30 बजे मधेपुरा डीएम विकास विजय प्रकाश मीणा की गाड़ी ने फुलपरास में पांच लोगों को रौंद दिया। इसमें तीन लोगों की मौत हो गई, वहीं दो व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हैं। उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार मरनेवालों में मां-बेटी व एक मजदूर शामिल हैं। चश्मदीदों के अनुसार डीएम विजय प्रकाश मीणा की गाड़ी डिवाइडर से टकराकर अनियंत्रित हो गई। इसने पहले सड़क पर रंगाई का काम कर रहे मजदूरों को चपेट में लिया। उसके बाद सड़क किनारे रेलिंग की ओर गाड़ी ने एक महिला और उसकी बच्ची को चपेट में ले लिया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, घटना के तुरंत बाद डीएम और उनके साथ मौजूद लोग गाड़ी छोड़कर मौके से फरार हो गए। जिस समय हादसा हुआ गाड़ी में डीएम, ड्राइवर, बॉडीगार्ड और एक लड़की थी।

घटना के बाद कोई बाइक वहां आयी और उन्हें लेकर चली गई। मंगलवार सुबह हुए इस हादसे से इलाके में हड़कंप मच गया। आसपास के लोगों की भीड़ लग गई। लोगों ने इनोवा गाड़ी को कब्जे में ले लिया और हंगामा करने लगे। जिसके बाद गुस्साई भीड़ ने डीएम की गाड़ी को क्षतिग्रस्त कर दिया। घटना के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। तुरंत ही लोगों ने एसयूवी को घेर लिया। शुरूआती जांच में पता चला है कि हादसे में सड़क पर पेंट करने वाले एक मजदूर, एक महिला और एक बच्ची की मौत हुई है। महिला और बच्चे की पहचान फुलपरास थाना क्षेत्र निवासी के रूप में हुई है। मृत महिला का पति पान की दुकान चलाता है। घटना की सूचना पाकर मधुबनी के एसपी सुशील कुमार घटना स्थल पर पहुंचे। एसपी ने कहा कि मामले की जांच की जा रही है।

चश्मदीदों के मुताबिक, डीएम भी एक बाइक पर बैठकर मौके से रवाना हो गए। हालांकि, इस मामले में मधेपुरा डीपीआरओ कुंदन सिंह ने बताया कि डीएम हमारे मुख्यालय में हैं। जिस गाड़ी से हादसा हुआ उसमें वह नहीं थे। उन्होंने कहा कि गाड़ी में कुछ तकनीकी समस्या थी। उसे रिपेयर में जाना था। अब ये हादसा जाने के दौरान हुआ या आने के दौरान ये तो जांच के बाद ही पता चल पाएगा। थाना प्रभारी ने भी बताया कि घटना के दौरान गाड़ी पर डीएम सवार नहीं थे। इस बीच, घटना के बाद लोग आक्रोशित हैं और वरिष्ठ अधिकारियों को बुलाए जाने की मांग कर रहे। दुर्घटनाग्रस्त वाहन में डीएम मधेपुरा का नेम प्लेट लगा हुआ है। वहीं हादसे के बाद चश्मदीदों ने बताया कि डीएम गाड़ी में ही थे और एक्सीडेंट के बाद एक बाइक आई, जिससे वो मौके से निकल गए। फुलपरास थाना प्रभारी ललन चौधरी ने बताया कि इस मामले में अज्ञात चालक और गाड़ी नंबर पर केस किया जा रहा है। फुलपरास एसडीएम अभिषेक कुमार का कहना है कि मधेपुरा डीएम गाड़ी पर थे या नहीं उन्हें इसकी जानकारी नहीं है। पुलिस अपनी कार्रवाई कर रही है।







### 2016 बैच के आईएएस अधिकारी हैं विकास विजय प्रकाश मीणा

डीएम विजय प्रकाश मीणा ने 11 अप्रैल 2023 को मधेपुरा में योगदान दिया था। वे 2016 बैच के आईएएस अधिकारी हैं। विजय प्रकाश को प्रशिक्षण के बाद पशुपालन विभाग में निदेशक के रूप में कार्य करने का मौका मिला था। मधेपुरा में डीएम के रूप में पदस्थापित होने के बाद लगातार योजनाओं के कार्यान्वयन को लेकर सक्रिय हैं। वहीं, वर्षों से जिलावासियों के लिए अभिशाप बना एनएच 106 व 107 का पूर्ण कराने को लेकर काफी कार्य किया। वे राजस्थान के रहने वाले हैं।


## नालंदा में छठ पूजा पर घर आए एयरफोर्स के जवान की गला रेतकर हत्या, सनसनी

**केटी न्यूज/पटना**



मुख्यमंत्री के गृह जिला नालंदा में बेखौफ अपराधियों ने एयर फोर्स के एक जवान की दिनदहाड़े गला रेतकर दी। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन उसे लेकर निजी क्लीनिक पहुंचे। लेकिन स्थिति नाजुक होने की वजह से घायल जवान को सरकारी सदर अस्पताल लाया, जहां चिकित्सकों ने जवान को मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान रहुई थाना क्षेत्र के इमामगंज गांव निवासी भुवनेश्वर प्रसाद के पुत्र रंजीत कुमार (34) के रूप में हुई है। वह दिल्ली में कार्यरत थे और छठपूजा के अवसर पर घर आए हुए थे।

परिजनों का कहना है कि रंजीत कुमार दिल्ली में एयरफोर्स में टेक्नीशियन के पद पर कार्यरत था। छठ पर्व को लेकर छुट्टी लेकर गांव आया था। घटना के संबंध में मृतक रंजीत कुमार के बड़े भाई धर्मवीर कुमार का कहना है कि 15 दिन पूर्व कूड़ा फेंकने के विवाद में गोतिया के लोगों से झगड़ा हुआ था। उस वक्त भी थाने में आवेदन दिया गया था, लेकिन दोनों पक्ष के बीच समझौता हो गया था। परिजनों ने बताया कि घर के सभी लोग बाजार गए हुए थे और रंजीत घर में अकेले था। गांव के गली से वह जा रहा था, तभी गोतिया के कुछ लोगों ने उसकी गर्दन रेतकर उसकी हत्या कर दी। घटना के बाद आननफानन में आस-पास के लोगों ने रंजीत को सदर अस्पताल ले गये, जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। रहुई थानाध्यक्ष नंदन कुमार ने बताया कि घटना कारण फिलहाल स्पष्ट नहीं हो पाया है। पटेदार पर हत्या का आरोप लग रहा है। उन्होंने बताया कि जमीन को लेकर पटेदार से पहले से विवाद चला आ रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।





### 17 नगर निगमों एवं गौतमबुद्धनगर के सभी स्कूल, कॉलेज, विश्वविद्यालयों में लगे सीसीटीवी

# शैक्षिक संस्थानों में तीसरी आंख से हो रही बेटियों की सुरक्षा

**केटी न्यूज ब्यूरो/लखनऊ**

योगी सरकार महिलाओं, बच्चों और सीनियर सिटीजन की सुरक्षा को लेकर काफी सजग है। इसको लेकर लगातार सख्त कदम उठाए जा रहे हैं। स्कूल जाने वाली बेटियों की सुरक्षा योगी सरकार की प्राथमिकताओं में से एक है, जिसको देखते हुए योगी सरकार ने सेफ सिटी परियोजना के तहत प्रदेश के 17 नगर निगमों और गौतमबुद्धनगर के सरकारी, गैर सरकारी विद्यायलों, कॉलेज, मदरसों, विश्वविद्यालयों के एंट्री और एग्जिट प्वॉइंट को सीसीटीवी से लैस किया है। इसके अलावा, इन शहरों के निजी कोचिंग संस्थानों की भी तीसरी आंख से मॉनिटरिंग की जा रही है। योगी सरकार ने यह निर्णय इन संस्थानों के बाहर लगने वाले अराजकतत्वों के जमावड़े और छेड़खानी की घटनाओं पर लगाम लगाने के लिये लिया है। इतना ही नहीं, योगी सरकार की ओर से निजी कोचिंग संस्थानों में बेटियों की सुरक्षा को लेकर एक गाइड लाइन भी जारी की गयी है।



**सीसीटीवी के लिए 2500 विद्यालयों को किया गया चिन्हित:** योगी सरकार द्वारा सेफ सिटी परियोजना के तहत 17 नगर निगम और गौतमबुद्धनगर के 2500 विद्यालयों को सीसीटीवी से लैस करने के लिए चिन्हित किया गया। इनमें से 1692 विद्यालयों में सीसीटीवी लगाए जा रहे हैं जबकि शेष में लगाने का काम युद्धस्तर पर चल रहा है। इन संस्थानों में 26,568 सीसीटीवी लगाए जा चुके हैं। इनमें 68 मान्यता प्राप्त राजकीय विद्यालय, 646 सहायता प्राप्त विद्यालय और 1786 वित्त विहीन विद्यालय शामिल हैं। इन विद्यालयों के क्लासरूम, कॉरिडोर, प्रवेश एवं निकास द्वार पर सीसीटीवी लगाए गए हैं। वहीं परियोजना के तहत 162 उच्च शैक्षणिक संस्थानों में 5,505 कैमरे लगाए गए। इनमें 21 राजकीय डिग्री/पीजी कॉलेज, 85 सहायता प्राप्त डिग्री/पीजी कॉलेज, 49 वित्त विहीन डिग्री/पीजी कॉलेज और 7 राज्य विश्वविद्यालय शामिल हैं। इसमें क्षेत्रीय कार्यालय लखनऊ एवं लखनऊ विश्वविद्यालय के अंतर्गत आने वाले महाविद्यालय शामिल नहीं हैं।

**बालिकाओं की सुरक्षा को लेकर कोचिंग संस्थानों के लिए जारी की गई गाइड लाइन**

परियोजना के तहत 17 नगर निगम और गौतमबुद्धनगर के 606 कोचिंग संस्थानों को सीसीटीवी लगाने के लिए चिन्हित किया गया है। इनमें 448 कोचिंग संस्थान 17 नगर निगम और 158 कोचिंग संस्थान गौतमबुद्धनगर के शामिल हैं। वहीं 418 कोचिंग संस्थानों में 866 कैमरे लगाए जा चुके हैं जबकि शेष 188 कोचिंग संस्थानों में कैमरे लगाने की प्रक्रिया जारी है। इन सीसीटीवी कैमरों को नगर विकास विभाग द्वारा स्मार्ट सिटी के कंट्रोल रूम से इंटीग्रेट किया जा रहा है। इसके अलावा योगी सरकार की ओर से बालिकाओं की सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम को लेकर गाइड लाइन जारी की गयी, जिसमें कोचिंग संस्थानों को बालिकाओं के आने-जाने के समय से लेकर उनकी सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए जिम्मेदारी तय की गयी है। गाइड लाइन में कोचिंग संस्थानों को शाम को एक निश्चित समय के बाद बालिकाओं की क्लास संचालित न किए जाने को लेकर निर्देश दिये गये हैं ताकि बालिकाएं समय से अपने घर पहुंच सकें। वहीं अक्सर कोचिंग संस्थानों में आग लगने की घटनाएं सामने आती हैं, जिससे निपटने के लिए गाइड लाइन में आग को लेकर पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था सहित सुरक्षित भवन में कोचिंग संस्थान का संचालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये हैं।

# लाखों रु. के हेरोइन और नगदी के साथ दो अंतरजिला तस्कर गिरफ्तार

- नवादा थाने के बस स्टैंड के समीप से सुबह पकड़े गए दोनों हेरोइन तस्कर
- हेरोइन की सप्लाई करने आरा आये थे दोनों, डिलेवरी से पहले पुलिस के हत्थे चढ़ गये तस्कर

**केटी न्यूज/आरा**



मादक पदार्थों के खिलाफ अभियान में भोजपुर पुलिस को मंगलवार की सुबह बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने लाखों रुपए की हेरोइन और नगदी के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। तस्करों के पास से 350 ग्राम हेरोइन, एक लाख रुपए नगद, तीन मोबाइल और एक बाइक बरामद की गयी है। गिरफ्तार तस्करों में इमादपुर थाना क्षेत्र के विशंभरपुर गांव निवासी उमाशंकर पांडेय के पुत्र संतोष पांडेय और सहार थाना क्षेत्र के बरूहीं गांव निवासी महेश राय का पुत्र रंजीत कुमार है। दोनों को नवादा थाना क्षेत्र के बस स्टैंड के समीप से गिरफ्तार किया गया है। एसपी प्रमोद कुमार यादव की ओर से प्रेस कांफ्रेंस कर यह जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि मंगलवार की सुबह सूचना मिली कि कुछ तस्कर डिलेवरी करने हेरोइन की बड़ी खेप लेकर आरा बस स्टैंड के समीप पहुंचे हैं। उस पर तत्काल कार्रवाई करते हुए तस्करों की गिरफ्तारी और हेरोइन की बरामदगी को लेकर एएसपी चंद्रप्रकाश के नेतृत्व में टीम गठित की गयी। टीम की ओर से तत्काल छापेमारी कर दोनों तस्करों को गिरफ्तार कर लिया गया। तलाशी के दौरान उनके पास से 350 ग्राम हेरोइन, एक लाख रुपए नगद और तीन मोबाइल बरामद की गयी। मौके से तस्करों की एक कीमती बाइक भी जब्त की गयी। मोबाइल व बाइक की जांच की जा रही है। उन्होंने बताया कि तस्करों के पास से बरामद पैसे के बारे में भी पूछताछ की जा रही है। टीम में नवादा थानाध्यक्ष शंभू कुमार भगत, दारोगा चंदन कुमार, संतोष कुमार और डीआईयू के अफसर व जवान शामिल थे।

### सहार सहित अन्य जगहों पर तस्कर करते थे सप्लाई

पुलिस के हत्थे चढ़े दोनों तस्कर काफी दिनों से इस धंधे से जुड़े हैं। दोनों दूसरे जगहों से हेरोइन की खरीद कर ग्रामीण इलाकों में सप्लाई करते थे। दोनों इमादपुर व सहार सहित जिले के अन्य इलाके तक हेरोइन की खेप पहुंचाते रहते थे। इनके तार कुछ सीमावर्ती जिलों से भी जुड़े हैं। उन जिलों से ही दोनों हेरोइन की खरीद करते थे। तस्करी के लिए दोनों अधिकतर ट्रेन मार्ग का सहारा लेते थे।एसपी ने बताया कि तस्करी रैकेट का पदार्फाश के लिए दोनों के कनेक्शन को खंगाला जा रहा है। उस क्रम में दोनों तस्करों के ब्रह्मपुर इलाके से भी कनेक्शन की जानकारी मिली है। अन्य सीमावर्ती जिले से भी उनके कनेक्शन है। उस जिले की पुलिस की इनपुट के आधार पर ही दोनों को गिरफ्तार किया गया है। एसपी ने बताया कि यह पता लगाया जा रहा है कि किन लोगों को हेरोइन की सप्लाई की जानी थी।

# ट्रैक्टर की चपेट में आने से बुआ के घर रह रहे किशोर की मौत



- रिश्तेदार बोले: नहर के समीप खेलने के दौरान ट्रैक्टर ने किशोर को रौंदा
- पुलिस बोली-ट्रैक्टर गिरने और ट्रॉली के नीचे आने से किशोर की गयी जान

**केटी न्यूज/आरा**

नारायणपुर थाना क्षेत्र के सहयोगी टोला स्थित नहर के समीप मंगलवार की सुबह ट्रैक्टर की चपेट में आने से एक किशोर की मौत हो गयी। इलाज के लिए अस्पताल ले जाने के दौरान उसने रास्ते में दम तोड़ दिया। मृतक मुफस्सिल थाना क्षेत्र के अलीपुर गांव निवासी स्व.नंद कुमार मुसहर का 12 वर्षीय पुत्र पवन कुमार था। माता-पिता की मौत के बाद से ही वह अपनी बुआ सरस्वती देवी के गांव सहयोगी टोला में रहता था।

रिश्तेदारों का कहना है कि खेलने के दौरान तेज रफ्तार एक ट्रैक्टर ने उसे रौंद दिया। हालांकि पुलिस के अनुसार ट्रैक्टर से गिरने और ट्रॉली की चपेट में आने से उसकी मौत हो गयी। हादसे के बाद चालक ट्रैक्टर छोड़ कर फरार हो गया। सूचना पर थानाध्यक्ष राकेश कुमार मौके पर पहुंचे और ट्रैक्टर को जब्त कर लिया। उसके बाद शव का पोस्टमार्टम कराया गया। किशोर के फूफा लाल बाबू ने बताया कि मंगलवार की सुबह पवन सहयोगी टोला पुल के समीप नहर किनारे खेल रहा था। तभी एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने उसे रौंद दिया। उससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। उसके बाद इलाज के लिए उसे अगिआंव पीएचसी ले जाया गया। वहां डाक्टरों द्वारा उसे मृत घोषित कर दिया गया। उसके बाद पुलिस को सूचना दी गयी। थानाध्यक्ष ने बताया कि ट्रैक्टर चालक और पवन एक साथ मजदूरी करते थे। मंगलवार की सुबह ईंट गिराने के बाद ट्रैक्टर लेकर दोनों लौट रहे थे। उस दौरान पवन कुमार चालक के बगल में बैठा हुआ था। सहयोगी टोला नहर के समीप ट्रैक्टर ब्रेकर के कारण पवन कुमार असंतुलित होकर ट्रैक्टर से गिर पड़ा। तभी ट्रैक्टर के ट्राली उस पर चढ़ गया, जिससे उसकी मौत हो गई।

**माता-पिता के बाद छोटे भाई का भी छूटा साथ:** बताया जा रहा है कि पवन कुमार अपने माता-पिता का इकलौता पुत्र था। उसे एक बड़ी बहन कबूतरी है। उसके माता-पिता की पहले ही मौत हो गयी है। ऐसे में कबूतरी का माता पिता के बाद भाई का साथ भी छूट गया। पवन की मौत के बाद उसके बहन और बुआ-फुफा का बुरा हाल है।

## खबरें फटाफट

### सरकार संविदा पर बहाल डॉक्टरों को बर्खास्त करे: पूर्व मंत्री

**औरंगाबाद।** सदर अस्पताल के एमबीबीएस डॉक्टरों की हड़ताल नहीं, बहाना है जबकि अपने निजी क्लिनिक में लाखों रुपए कामना इनका धंधा है। यह बात बिहार सरकार के पूर्व सहकारिता मंत्री रामाधार सिंह ने कही है। दरअसल करीब तीन सप्ताह से सदर अस्पताल औरंगाबाद में कार्यरत एमबीबीएस डॉक्टर हड़ताल पर हैं। इससे मरीजों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में ज़िला प्रशासन द्वारा कोई पहल न किया जाना, बेहद निराशा जनक है। सदर अस्पताल पहुंचे पूर्व मंत्री डॉक्टरों की हड़ताल पर जमकर बरसे और उनके विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई हेतू जिला पदाधिकारी से मांग की। उन्होंने कहा कि सदर अस्पताल फिलहाल आयुर्वेदिक डॉक्टर के भरोसे है, जबकि एमबीबीएस डॉक्टर मनमानी कर रहे हैं। ये सरकार को टैक्स भी नही देते हैं जिन्हें चिन्हित कर, ईडी से उनकी संपत्ति की जांच कराई जाएं। जो भी डॉक्टर संविदा पर बहाल हैं, उन्हें बर्खास्त किया जाए।

### शराब के साथ 14 लोग गए जेल

**औरंगाबाद।** एसपी स्वप्ना गौतम मेश्राम के निर्देश पर कार्रवाई के फलस्वरूप 14 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। यह कार्रवाई जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई। इसी दौरान विविध कांड में दो एवं शराब कांड में 12 लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

## गोह थाना क्षेत्र के मुनजहड़ा गांव की घटना, चमनपुरा गांव में छापेमारी

# शराबियों ने युवती के साथ की छेड़छाड़, ग्रामीणों ने घेरा थाना

- ग्रामीणों ने प्रशासन से की मांग- चमनपुरा में शराब धंधा पर लगे रोक
- प्रशासन द्वारा करवाई की बात पर माने आक्रोशित ग्रामीण

**केटी न्यूज/गोह (औरंगाबाद)**



गोह थानाक्षेत्र के मुनजहड़ा गांव में सोमवार की देर शाम सौच करने गई युवती से कुछ शराबियों द्वारा छेड़छाड़ करने के बाद तीन चार गांव के ग्रामीणों में आक्रोश पनप गया और मंगलवार की सुबह सैकड़ो ग्रामीणों ने गोह थाना परिसर में पहुचकर थाना का घेराव किया और चमनपुरा व मुनजहड़ा में चल रहे शराब धंधा को बंद कराने की मांग की।पुलिस ने मौजूद ग्रामीणों को करवाई का अस्वाशन दिया।उसके बाद ग्रामीण मान गए। हालांकि पुलिस ने ग्रामीणों के समक्ष अपने दल बल के साथ चमनपुरा गांव में पहुँचकर लगभग दो घण्टे छापेमारी की।

दरअसल पूर्ण शराब बंदी के बावजूद गोह पुलिस की करवाई लगातार चल रही थी।प्रत्येक दिन किसी न किसी गांव से गिरफ्तारी भी हो रही थी।इसी कड़ी में मुनजहड़ा गांव के ग्रामीणों का आरोप है कि सोमवार की देर शाम गांव के कुछ युवती सौच करने गई थी लौटने के क्रम में गांव के सड़को पर कुछ शराबियों ने युवतियों से छेड़छाड़ किया जब युवतियों ने शोर मचाई तो गांव के ग्रामीण जुट गए तब तक आरोपियों ने भाग गया।जिसके कारण आरोपी की पहचान नही हुई।रात में सैकड़ो ग्रामीण गांव में इक्ट्ठा होकर गांव में शराब का धंधा को बंद कराने की ठानी ?र मंगलवार की सुबह थाना का घेराव किया।पुलिस जब ग्रामीणों के समक्ष दल बल के साथ कारवाई करने को लेकर निकली तो ग्रामीण भी थाना से चले गए।ग्रामीणों की मौजूदगी में पुलिस ने लगभग 16 घरों में छापेमारी की ।इस छापेमारी में 595 लीटर जावा महुआ को जब्त किया गया वही 82 लीटर महुआ शराब बरामद किया गया। थानाध्यक्ष कमलेश पासवान ने बताया कि एएसआई संजय कृष्ण के बयान पर कांड संख्या 353/23दर्ज किया गया है। जिसमे कैलाश चौहान,रामु चौहान,उपेंद्र चौहान,रोहित चौहान व सतेंद्र चौहान सहित 16 लोगो को नामजद अभियुक्त बनाया गया है। वहीं पुलिस ने त्वरित करवाई करते हुए एक आरोपी उपेन्द्र चौहान को गिरफ्तार कर लिया है।

### पुलिस अधिकारी ने मीडियाकर्मियों के साथ की गाली गलौज

गोह क्षेत्र संख्या 7 के जिला परिषद प्रतिनिधि मदन यादव का आरोप है कि पुलिस को इसकी सूचना कई बार दी गई लेकिन टाल मटोल करते हुए कोई करवाई नही की गई।जब युवती से छेड़छाड़ हुई और ग्रामीण हमारे पास आये तो मैं खुद सैकडो ग्रामीणों के साथ थाना का घेराव किया तब जाकर कारवाई हुई। उन्होंने मौजूद पुलिस अधिकारी पर आरोप लगाया कि कुछ पत्रकार व ग्रामीण जब्त शराब उपकरण व शराब की तसवीर अपने मोबाइल में कैद कर रहे थे तो पुलिस अधिकारी ने गाली गलौज करते हुए अभद्र व्यवहार किया। उन्होंने एसपी से पूरे मामले की जांच की मांग की। उनका कहना था कि जब ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस करवाई करने गई तो कवरेज करने गए मीडिया कर्मियों व ग्रामीणों के साथ क्यो गाली गलौज किया गया।

### शराब के दुष्परिणाम का प्रचार प्रसार करेगी जिला प्रशासन

**औरंगाबाद।** 26 नवंबर को नशा मुक्ति दिवस के अवसर पर नशीले पदार्थों का परित्याग एवं उसके सेवन से होने वाले दुष्परिणाम का प्रचार- प्रसार करने के मद्देनजर जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री द्वारा समाहरणालय सभागार में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। अधीक्षक मद्य निषेध द्वारा बताया गया कि इस दौरान नुक्कड़ नाटक, हाफ मैराथन दौड़, निबंध लेखन, चित्रकला, वाद विवाद प्रतियोगिता एवं माइकिंग तथा नशा मुक्ति रथ आदि के माध्यम से आम जनों के बीच मद्य निषेध का एवं शराब के दुष्परिणाम का प्रचार प्रसार किया जाएगा। बताया गया कि 23 नवंबर को पुलिस लाइन से हाफ मैराथन दौड़ का आयोजन किया जाएगा।

### दो बाइक की भिड़ंत में बाइक सवार बाप-बेटे समेत चार जख्मी,

**आरा।** जगदीशपुर थाना क्षेत्र के बौलीपुर गांव के समीप सोमवार की शाम दो बाइक में भिड़ंत हो गई। उसमें बाइक सवार बाप-बेटा समेत चार लोग जख्मी हो गए। उनमें दो को आरा सदर अस्पताल में इलाज के बाद पटना रेफर कर दिया गया है। वहीं दो घायलों का इलाज सदर अस्पताल में कराया जा रहा है। घायलों में पीरो थाना क्षेत्र के भड़सर गांव निवासी सन्नी शर्मा, उनके पुत्र कृष्ण शर्मा, समीर शर्मा व उनका भांजा रोहतास जिले के दरिहट थाना क्षेत्र के आयर कोठा गांव निवासी अंकित कुमार शामिल है। सन्नी शर्मा ने बताया कि उसके घर छठ का पर्व हुआ था। वह छठ का प्रसाद लेकर अपने दो बेटों और भांजे के साथ प्रसाद देने के लिए बाइक से अपने ससुराल महुआर गांव गये थे। प्रसाद देकर घर लौटने के दौरान बौलीपुर गांव के समीप दूसरी बाइक से भिड़ंत हो गई। उसमें उनका बेटा कृष्णा शर्मा और भांजा अंकित कुमार गंभीर रूप से जख्मी हो गया। वह और बेटा समीर शर्मा मामूली रूप से जख्मी हो गए।

### ट्रैक्टर की ठोकर से बाइक सवार चाचा-भतीजा जख्मी

**आरा।** आरा-बक्सर फोरलेन पर गजराजगंज ओपी क्षेत्र के बामपाली गांव के समीप सोमवार की शाम एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने बाइक में ठोकर मार दी। उसमें छठ का प्रसाद देकर लौट रहे बाइक सवार चाचा भतीजा गंभीर रूप से जख्मी हो गए। घायलों में शाहपुर थाना क्षेत्र के हरिहरपुर गांव निवासी रविंद्र यादव व उनका भतीजा दिलपेश कुमार शामिल है। आरा सदर अस्पताल में इलाज के बाद दोनों को पटना रेफर कर दिया गया है।

## एक नजर

### इंडिया गठबंधन जीतेगा लोकसभा चुनाव: पूर्व मंत्री



**औरंगाबाद।** लोकतंत्र एवं संविधान की मर्यादा की मजबूती के लिए कांग्रेस एवं इंडिया गठबंधन के सभी दल संघर्ष कर रहे है। लोग एकजुट होकर महंगाई बेरोजगारी एवं नफरत के माहौल से लोगों को निजात दिलाने के लिए संकल्पित हैं। यह बात जिला अतिथि गृह औरंगाबाद में कांग्रेस के पूर्व मंत्री और वजीरगंज के पूर्व विधायक अवधेश कुमार सिंह ने कहीं। इस दौरान उन्होंने प्रेस को संबोधित करते हुए कहा कि एक निजी कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचा। उन्होंने बताया कि अगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर औरंगाबाद लोक सभा सीट से इंडिया गठबंधन मजबूती से चुनाव लड़ेगा। लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन जीतेगा और भारत आगे बढ़ेगा। बिहार राज्य प्रगति के मानदंडों पर चल रहा है। बिहार सरकार युवाओं से किए गए वादों के तहत उन्हें रोजगार दे रही है। उन्होंने कहा कि 2024 चुनाव के बाद देश में बड़ा बदलाव होगा, क्योंकि परिवर्तन की एक लहर चल रही है और लोग इंडिया के साथ जुड़ना चाहते हैं। देश में इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि छठ महापर्व शांति व सौहार्द पूर्ण वातावरण में संपन्न हो गया है। भगवान भास्कर की कृपा सभी पर बनी रही ऐसा कामना करते हैं। लोक मान्यता है कि देव में अत्यंत प्राचीन सूर्य मंदिर में भगवान भास्कर की पूजन-अर्चन करने और पौराणिक सूर्य कुंड में स्नान करने से मनोवांछित कामनाओं की पूर्ति होती है। ऐसे में केंद्र सरकार को देव छठ मेले को राजकीय दर्जा प्रदान करना चाहिए और सुविधाएं उपलब्ध करवाई जानी चाहिए। इस मौके पर धीरेंद्र कुमार सिंह, अजय कुमार सिंह, तुलसी यादव, सिद्धेश्वर यादव, मनोज कुमार पांडे, लक्ष्मण सिंह, मुन्ना सिंह, विजय सिंह, पुर्व मुखिया नरेंद्र सिंह, धर्मेंद्र कुमार निराला सहित कई अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।।

### महिला के गले से चेन छीन भाग रहा युवक धराया

**औरंगाबाद।** छठ मेले में महिला से सोन की चेन छिनतई कर भाग रहे एक आरोपित को रिसियप थाना की पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया है। पकड़ा गया आरोपित नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत रामा बांध निवासी अजित चंद्रवंशी है। थानाध्यक्ष संजय कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र अंतर्गत दोमुहान नदी घाट से आरोपित को गिरफ्तार किया गया है। आरोप है कि इसने एक महिला के गले से सोने की चेन छिन कर अचानक भागने लगा। मौके पर महिला ने जब शोर मचाया तो लोगों द्वारा आरोपित पकड़ा गया। इसके बाद पुलिस को हवाले कर दिया गया।

### करंट लगने से 12 वर्षीय बालक की मौत

**जहानाबाद।** बभना गांव में उस समय अफरा तफरी मच गई जब बिजली की करंट लगने से 12 वर्षीय बालक की मौत हो गई। बताया जाता है कि बभना गांव निवासी सौरभ कुमार अपने गांव की बधार में गया था ।जैसे ही ट्रांसफार्मर की समीप पहुंचा कि ट्रांसफार्मर में लगे हुए तार में बिजली प्रवाहित हो रही थी, यह बालक बिजली के तार के संपर्क में चला गया जिसके कारण इसे बिजली की करंट लग गई गांव के कुछ लोग जब बधार गए तो देखा कि यह बालक गिरा हुआ है तभी आसपास के लोगों द्वारा इसे इलाज के लिए सदर अस्पताल भर्ती कराया जहां डॉक्टर द्वारा मृत घोषित कर दिया।

### बुजुर्ग को बाइक सवार ने मारी टक्कर, दोनों गंभीर

**औरंगाबाद।** अनियंत्रित बाइक ने सड़क किनारे खड़े एक बुजुर्ग को टक्कर मार दी जिसमें बुजुर्ग गंभीर रूप से जख्मी हों गया। वहीं बाइक सवार युवक तथा बाइक पर सवार दो अन्य युवतियां भी घायल हो गईं। मामला कुटुंबा थाना क्षेत्र अंतर्गत नेशनल हाईवे - 139 पर संडा बॉर्डर के समीप की हैं। जहां यह हादसा हो गई। इस दौरान बुजुर्ग और बाइक सवार युवक को गंभीर चोटे आई हैं। वहीं दो युवतियों को मामूली चोट आई है। बुजुर्ग की पहचान धनबाद के रहने वाले अवधेश विश्वकर्मा के रूप में हुई है।

# छठ के बाद मायके से घर लौट रही महिला की सड़क हादसे में मौत, बाल बाल बचा बेटा

**केटी न्यूज/आरा**



आरा-मोहनियां हाइवे पर जगदीशपुर थाना क्षेत्र के नारायणपुर ओवरब्रिज के समीप मंगलवार की सुबह सड़क हादसे में एक महिला की मौत हो गयी। छठ कर बेटे के साथ मायके से घर लौट रही बाइक सवार महिला को स्कॉर्पियो ने ठोकर मार दी। उसमें गिरने और चोट लगने से उनकी मौत हो गयी। हालांकि हादसे में उनका पुत्र बाल-बाल बच गया।

मृतका जगदीशपुर थाना क्षेत्र के बौलीपुर गांव निवासी छोटे लाल सिंह की 40 वर्षीया पत्नी गीता देवी थी। छोटे लाल सिंह ने बताया कि वह छठ करने बेटे के साथ 17 नवंबर को मायके गड़हनी थाना क्षेत्र के बराप गांव गई थी। छठ के बाद मंगलवार की सुबह वह बेटे जय मंगल के साथ बाइक से गांव लौट रही थी। नारायणपुर ओवरब्रिज के समीप पीछे से आ रही तेज रफ्तार एक स्कार्पियो ने उसकी बाइक में ठोकर मार दी। उससे वह बाइक से गिर पड़ी और गंभीर रूप से जख्मी हो गई, जबकि बाइक चला रहा उनका बेटा जय मंगल बाल-बाल बच गया। हादसे के बाद उनकी पत्नी को इलाज के लिए दुलौर अनुमंडलीय अस्पताल से सदर अस्पताल लाया गया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत देखते हुए उन्हें पटना रेफर कर दिया गया था। हालांकि पटना ले जाने के लिए एंबुलेंस पर लाद ही रहे थे। तभी उन्होंने दम तोड़ दिया। बताया जा रहा है कि महिला को तीन पुत्री रानी, हनी, निशा और एक पुत्र जयमंगल है। घटना के बाद उनके घर में कोहराम मच गया है।

### बाइक से गिरकर महिला जख्मी, पटना रेफर

**आरा।** आरा-मोहनियां हाइवे पर जगदीशपुर थाना क्षेत्र के दुलौर गांव के समीप मंगलवार की सुबह बाइक से गिर एक महिला गंभीर रूप से जख्मी हो गई। सदर अस्पताल में इलाज के बाद उसे पटना रेफर कर दिया गया है। जख्मी महिला जगदीशपुर थाना क्षेत्र के बौलीपुर गांव निवासी छोटे लाल सिंह के 40 वर्षीया पत्नी गीता देवी है। परिजनों ने बताया कि छठ को लेकर वह अपने बेटे मंगल कुमार के साथ दो दिन पूर्व गड़हनी थाना क्षेत्र के बरांप गांव अपने रिश्तेदार के घर गयी थी। मंगलवार की सुबह अपने बेटे मंगल के साथ बाइक से वापस अपने गांव लौट रही थी। तभी दुलौर गांव के समीप वह असंतुलित होकर बाइक से गिर गंभीर रूप से जख्मी हो गई।

# डीएम ने किया डीआरसीएस का औचक निरीक्षण, सफाई को लेकर जताई नाराजगी

**केटी न्यूज/औरंगाबाद**

जिला निबंधन एवं परामर्श केंद्र कार्यालय पहुंचकर ज़िला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने औचक में निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान ज़िला पदाधिकारी ने कई महत्वपूर्ण निदेश दिए गए। काउंटर पर निरीक्षण के दौरान पाया गया कि बिजली बंद होने के कारण काम पुरी तरह बंद है। उक्त के लिए जिला योजना पदाधिकारी को संबंधित कार्यपालक अभियन्ता से सम्पर्क कर अविलंब व्यवस्था सुचारू करवाने का निदेश दिया गया गया।

जिला निबंधन एवं परामर्श केंद्र में साफ - सफाई को लेकर असंतोष जताया गया जिसको जल्द से जल्द ठीक करवाने का निदेश दिया। डीआरसीसी पर अधिष्ठापित सीएससी पर दी जा रही सुविधाओं की विवरणी एवं तत्संबंधी शुल्क आदि का सूचना केंद्र पर प्रदर्शित करने का निदेश दिया गया। आधार केंद्र के माध्यम से आधार कार्ड में सुधार के लिए आवश्यक कागजात की सूची प्रदर्शित करने एवं नया आधार पैन आदि बनाने एवम सुधार से सम्बन्धित शुल्क का भी सूचना प्रदर्शित करने का भी निर्देश दिया गया। मौके पर जिला योजना पदाधिकारी अविनाश प्रकाश, डीआरसीसी प्रबंधक, सहायक प्रबंधक एवं अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे।

## जहानाबाद के जिलाधिकारी ने की शिक्षा विभाग के कार्यों की समीक्षात्मक बैठक, दिए निर्देश

# आज से जिले के विद्यालयों में कैंप लगाकर छात्रों का बनाया जाएगा आधार कार्ड

**केटी न्यूज/जहानाबाद**



जहानाबाद के डीएम रिची पाण्डेय की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में शिक्षा विभाग के कार्यों की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई एवं संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मीगण को आवश्यक निर्देश दिया गया। बैठक में जिला पदाधिकारी द्वारा पूर्व के बैठक में दिये गये निदेशों के अनुपालन का समीक्षा किया गया। बैठक में बताया गया कि 22 नवंबर से जिले के विद्यालयो में छात्रों का आधार कार्ड बनाया जाएगा। जिला शिक्षा पदाधिकारी ने बताया कि जहानाबाद जिले में 28 विद्यालयों में आधार कार्ड बनाया जाएगा, जिसमें 06 स्थानों पर आधार बनाया जाएगा, जिसमें काको प्रखंड में दो स्थान यथा उच्च विद्यालय, काको एवं उच्च विद्यालय, हाटी, काको, हुलासगंज प्रखंड के उच्च विद्यालय, मुरगांव, हुलासगंज, रतनी फरीदपुर प्रखंड के उच्च विद्यालय, नेहालपुर में, मखदुमपुर प्रखंड के प्रोजेक्ट कन्या उच्च विद्यालय, मखदुमपुर में तथा घोषी प्रखंड के उच्च विद्यालय, लखावर, घोषी प्रखंड में आधार सेक्टर पर बनाया जाएगा। जिला पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि आधार कार्ड का निर्माण चिन्हित विद्यालयो में ही किया जाएगा, आधार कार्ड मशीन किसी भी परिस्थिति में विद्यालय से बाहर नहीं जाएगा तथा उक्त सेन्टर पर छात्रों के अलावे अन्य किसी भी व्यक्ति का आधार कार्ड नहीं बनाया जाएगा।

बैठक में सभी प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी को विद्यालय का निरीक्षण प्रत्येक दिन करने का निदेश दिया गया। निरीक्षण के दौरान वर्ग कक्ष में बच्चों से पढ़ाई की जानकारी एवं शिक्षा की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने का निदेश दिया गया। साथ ही प्रत्येक माह में मंथली टेस्ट एक्जाम के दिन विद्यालय का निरीक्षण करने का निदेश दिया गया तथा सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी को निदेश दिया गया कि निरीक्षण में टेस्ट कॉपी का जांच करेंगे तथा कॉपी को जांच किया गया है अथवा नहीं इसका प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया। जिला शिक्षा पदाधिकारी ने बताया कि जहानाबाद जिले में 911 नये शिक्षक में से 841 शिक्षकों द्वारा योगदान किया गया है, विभाग द्वारा सभी शिक्षकों को 06 कक्षा लेने का निदेश दिया गया है। बैठक में विद्यालयों का दाखिल खारिज में प्रगति नहीं रहने पर गहरी नारजगी व्यक्त की गयी। सभी प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी को इस माह में दाखिल खारिज की गति को बढ़ाने एवं संबंधित अंचलाधिकारी से सम्पर्क करने का भी निदेश दिया गया।

## खबरें फटाफट

### गोला गेट पर खड़ी बाइक की चोरी

**डुमरांव।** डुमरांव में बाइक चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही है। डुमरांव में सक्रिय बाइक चोरों ने मुख्य मंडी राज गोला रोड से एक बाइक की चोरी कर अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई है। बता दें कि राजगोला रोड यहां का मुख्य व्यवसायिक पथ है तथा पूरे दिन खचाखच भरा रहता है। लेकिन इतने भीड़ वाले इलाके से भी चोरों बाइक चुरा सबको हैरत में डाल दिया है। चोरी गई बाइक नगर के दक्षिण टोला मोहल्ले के रहने वाले जितेंद्र पांडेय की है। पुलिस को दिए आवेदन में पीड़ित ने बताया है कि वह अपनी हीरो कंपनी की ग्रे कलर की स्प्लेंडर प्लस बाइक जिसका नंबर बीआर 44 एल 6417 है, को गोला के गेट पर खड़ी कर थोड़ी देर के लिए गोला के अंदर गया था। लेकिन वहां से लौटने पर बाइक गायब थी। पीड़ित ने इस मामले में काफी खोजबीन की लेकिन बाइक का कोई सुराग नही मिला। थक-हारकर पीड़ित ने इस मामले में आवेदन देकर मामला दर्ज कराया है।

### मामूली विवाद में मारपीट, महिला सहित तीन जख्मी

**डुमरांव।** कोरानसराय थाना क्षेत्र के नाजीरगंज गांव में मामूली विवाद में एक बुजुर्ग सहित दो महिलाओं के साथ मारपीट किये जाने का मामला प्रकाश में आया है। इस मामले में नाजीरगंज गांव के रहने वाले श्रीराम सिंह के पुत्र गोरख सिंह ने मारपीट का आरोप लगाते हुए एक आरोपी पर नामजद मामला दर्ज कराया है। आरोपी गांव के ही अखिलेश कुमार सिंह बताया जाता है। पीड़ित ने पुलिस को दिये गये आवेदन में बताया है कि मैं दरवाजे पर बैठा था। इसी दौरान महिलाओं के बीच वाद-विवाद होने लगा। इसी दरम्यान आरोपी लाठी लेकर दरवाजे पर आ धमका और गाली-गलौज करते हुए मेरे ऊपर हमला बोल दिया। यह देख जब बहू और पोती बचाने आयी तो उनके साथ भी मारपीट किया। लाठी के चोट से मैं चोटिल हो गया और ग्रामीणों की मदद से मुझे अनुमंडल अस्पताल लाया गया। कोरानसराय पुलिस ने बताया कि मामले को दर्ज कर अनुसंधान शुरू कर दी गयी है।

# गंगा नदी में बने तैरते घर का केंद्रीय मंत्री ने किया निरीक्षण, बोले- यह अनोखा प्रयोग

♦ रामरेखा घाट के सामने बना यह फ्लोटिंग हाउस प्रधानमंत्री के मिशन लाइफ से प्रेरित

**केटी न्यूज/बक्सर**

केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे ने रामरेखा घाट के सामने गंगा नदी में बने फ्लोटिंग हाउस (पानी में तैरता घर) का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि यह अनोखा प्रयोग है तथा यह लाइफ स्टाइल फॉर एनवायरनमेंट से प्रेरित है। इसे बिहार के आरा के प्रशांत व उनकी टीम ने बनाया है। केंद्रीय राज्यमंत्री ने कहा कि यह एक अनोखा प्रयास है। सबसे अच्छी बात है कि इस प्राकृतिक घर को बनाने में किसी भी तरह से पर्यावरण को नुकसान नहीं पहुंचाया गया है। घर बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट का भी अनोखा उदाहरण है। उन्होंने कहा कि इस





तरह के घर इको टूरिज्म को बढ़ाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। साथ ही बाढ़ आदि में है फ्लोटिंग हॉस्पिटल आदि को बल प्रदान कर सकता है। इंजीनियर प्रशांत ने केंद्रीय राज्यमंत्री को पानी पर तैरता घर घुमाया। केंद्रीय राज्य ने कहा कि इस घर को विशेषज्ञ को दिखाया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मिशन लाइफ मंत्र से यह प्रेरित है। घर बनाने वाले प्रशांत कुमार मूल रूप से बिहार के आरा (भोजपुर) के निवासी है। उन्हें अपशिष्ट और प्राकृतिक सामग्री और रचनात्मक कला के साथ काम करने में विशेषज्ञता हासिल है। उन्होंने लंबे समय तक इंजीनियरिंग में प्रशिक्षण लिया और इसे अपने जुनून में लागू किया। उनके काम में टिकाऊ निर्माण, अपशिष्ट पुनर्चक्रण और सामाजिक प्रभावों के लिए परियोजनाओं जैसे विविध क्षेत्र शामिल हैं।

**2017 में किया था बाइक से भारत से स्कॉटलैंड की यात्रा:** प्रशांत ने वर्ष 2017 में वसुधैव कुटुंबकम (एक विश्व एक परिवार) का संदेश फैलाते हुए बेंजामिन रीड के साथ भारत से स्कॉटलैंड तक मोटरसाइकिल यात्रा की थी। 2020 में प्रशांत बिहार लौट आए और स्थानीय बिहारियों को अपशिष्ट पुनर्चक्रण, प्राकृतिक निर्माण और कई अन्य लचीले आजीविका तरीकों में प्रशिक्षित करने के लिए एक कौशल प्रशिक्षण केंद्र विकसित करने पर काम करना शुरू कर दिया। प्रशांत ने केंद्रीय राज्यमंत्री को बताया कि यह भारत का पहला जलवायु अनुकूल फ्लोटिंग हाउस है। जलवायु अनुकूल बिहार और दुनिया के लिए अपनी दीर्घकालिक दृष्टि परियोजना का पहला चरण पूरा कर लिया है, जो लाखों लोगों को बाढ़ से बचाने में मदद कर सकता है। उन्होंने बताया कि उनकी परियोजनाएं स्थिरता की ओर झुकी हुई हैं और उनका विचार बिहार को टिकाऊ जीवन के लिए एक उदाहरण के रूप में पेश करना और हमारी भावी पीढ़ी के लिए एक उदाहरण पेश करना है। प्रशांत का दृष्टिकोण बिहार में भारत का पहला टिकाऊ, जलवायु अनुकूल लचीला व तैरता हुआ गांव बनाना है, जो जलवायु संकट के दौरान भी अपनी चक्रीय अर्थव्यवस्था के साथ पनप सके। केंद्रीय राज्यमंत्री ने प्रशांत व उनकी टीम को इस प्रयास के लिए बधाई दी है।

### डॉक्टरों ने की सुरक्षा गारंटी की मांग, इमरजेंसी में लगी रही मरीजों की लाइन

# पूर्णिया में डॉक्टर पर जानलेवा हमले के खिलाफ जिलेभर में ठप रही ओपीडी सेवा

**केटी न्यूज/बक्सर**

पूर्णिया में डॉक्टर पर जानलेवा हमला व दुर्व्यवहार के खिलाफ जिलेभर के डॉक्टर आक्रोशित हैं। इस घटना के खिलाफ मंगलवार आईएमए के आह्वान पर सदर अस्पताल सहित जिले के सभी सरकारी अस्पतालों में ओपीडी सेवा ठप रही। जिस कारण मरीजों तथा उनके परिजनों को काफी परेशान होना पड़ा। वही ओपीडी सेवा बंद होने से मरीजों को स्वास्थ्य सुविधाएं नहीं मिल पाई है। हालांकि इस दौरान अस्पतालों में इमरजेंसी सेवा बहाल रही।

आईएमए के जिला सचिव डा. संजय कुमार ने कहा कि डाक्टरों पर आए दिन हमला हो रहा है। उन्होंने पूर्णिया की घटना की नींदा करते हुए कहा कि आईएमए के आह्वान पर जिले के सभी सरकारी अस्पतालों में ओपीडी सेवा बंद रही। उन्होंने कहा कि डॉक्टरों के साथ लगातार मारपीट की घटनाएं हो रही है। इसके बावजूद प्रशासनिक स्तर पर किसी भी तरह की सुरक्षा की व्यवस्था नहीं की जा रही है। प्रशासनिक स्तर पर न तो सुरक्षा मुहैया कराया जा रहा है और न ही डॉक्टरों के साथ इस तरह का व्यवहार न करने को लेकर लोगों





को जागरूक किया जा रहा है। जिस कारण डाक्टरों पर हमले की घटनाएं आए दिन देखने को मिल रही है। उन्होंने कहा कि प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराने एवं डाक्टरों को सुरक्षा मुहैया कराने के लिए ओपीडी की सेवाएं बंद की गई थी।

**निराश लौटे मरीज, नहीं हुआ रजिस्ट्रेशन:** आईएमए के आह्वान पर ओपीडी सेवा ठप होने से मरीजों को निराश लौटना पड़ा। सदर अस्पताल में पूरे दिन मरीजों का रजिस्टेज्शन नहीं हुआ। यही हाल डुमरांव अनुमंडलीय अस्पताल समेत सभी प्रखंडों के सीएचसी और पीएचसी का था। इस दौरान अस्पतालों में इमरजेंसी सेवाएं जारी रही। मरीज इमरेजेंसी में अपना इलाज कराते नजर आए। इमरजेंसी में इलाज के लिए अस्पतालों में मरीजों की लंबी लाईन लगी रही। ओपीडी सेवा बंद होने से दूर दराज से इलाज के लिए आने वाले मरीजों को सबसे अधिक परेशान होना पड़ा। ओपीडी में इलाज नहीं मिलने से मरीज मायूस हो अपने घर लौट गए। हालांकि त्योहारी समय होने के कारण सामान्य दिनों की अपेक्षा मरीजों की संख्या में अपेक्षाकृत कमी पाई गई। वहीं कुछ मरीजों ने तो मजबूरीवश निजी डॉक्टरों या अस्पतालों में जाकर इलाज करवाया। ज्ञात हो कि सदर अस्पताल में प्रतिदिन 800 से 1100 तक मरीजों का इलाज होता है। जिन्हें डॉक्टरों के हड़ताल के कारण इलाज की सुविधा नहीं प्राप्त हो सकी। इस दौरान सदर अस्पताल में डॉ अनिल सिंह, डॉ श्याम रजक, डॉ अरूण कुमार सिंह, डॉ मधु कुमारी, डॉ वरूण सांकृत समेत कई अन्य डाक्टर हड़ताल में शामिल रहे।

**डुमरांव में भी बंद रहा ओपीडी:** आईएमए के आह्वान का डुमरांव अनुमंडल क्षेत्र में भी व्यापक असर देखा गया। 75 बेड वाले अनुमंडलीय अस्पताल में मरीजों का रजिस्टेज्शन नहीं हुआ। इसके अनुमंडल के सभी पीएचसी में डाक्टर अस्पताल में आए जरूर थे, लेकिन सिर्फ इमरजेंसी सेवाएं ही चालू थी। जिस कारण सैकड़ो की संख्या में मरीजों का निराश हो लौटना पड़ा।

**क्या कहते हैं मरीज:** सदर अस्पताल में इलाज कराने आए इटाढ़ी के रमेश प्रसाद, मनोज सिंह, चौसा की किरण देवी, डुमरांव अनुमंडलीय अस्पताल में आई लाखनडिहरा की रीता देवी, अटांव की रीना देवी समेत दर्जनों अन्य मरीजों ने बताया कि वे घंटो इंतजार तथा कर्मियों की मिन्नत करते रह गई। लेकिन ओपीडी सेवा शुरू नहीं हुई। लिहाजा निराश हो लौटना पड़ा। डुमरांव के अलावे सिमरी सीएचसी, नावानगर सीएचसी, ब्रह्मपुर सीएचसी, केसठ, चौगाई तथा चक्की पीएचसी में भी ओपीडी सेवा बंद रहा।

# महरौरा गांव में खेतिहर मजदूरों को ले जा रही ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलटी, 10 जख्मी

**केटी न्यूज/डुमरांव**

डुमरांव थाना क्षेत्र के महरौरा गांव के पास एक टैज्क्टर पलट गई। इस घटना में महिलाओं समेत कुल दस लोग जख्मी हुए है। सभी खेतिहर मजदूर है तथा महरौरा के ही रहने वाले है। घटना मंगलवार को सुबह आठ बजे की है। मिली जानकारी के अनुसार सभी मजदूर अपने घर से ट्रैक्टर पर बैठ धान की कटनी करने जा रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार होने के कारण चालक ने अचानक अपना नियंत्रण खो दिया और ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गई।

इस दुर्घटना में जख्मी माया देवी उम्र 45 वर्ष, मीना देवी 44 वर्ष जिनका इलाज अनुमण्डल





अस्पताल में चल रहा है। जबकि गंभीर रूप से जख्मी पांच मजदूरों का इलाज शहर के किसी निजी अस्पताल में चल रहा है। वही शांति कुमारी पिता अजित राजभर की 3 उंगली कट गई है। अन्य जख्मियों में पूजा कुमारी पिता रामावत राजभर, श्याम कुमार पिता-राजू राय आदि शामिल है। घटना के बाद से गांव में अफरा तफरी का माहौल कायम था। घटना की सूचना मिलते ही तत्काल दर्जनों की संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच जख्मियों के इलाज में जुट गए।

# बनकट गांव में बिजली कंपनी के मानवबलों को बंधक बना पीटा, पुलिस के पहुंचने पर बची जान

♦ चौगाई प्रशाखा के जेई शैलेश कुमार ने तीन नामजद व 10-12 अज्ञात ग्रामीणों पर दर्ज कराया एफआईआर, मामले की जांच में जुटी पुलिस

**केटी न्यूज/डुमरांव**

कोरानसराय थाना क्षेत्र के बनकट गांव में बिजली कंपनी चौगाई प्रशाखा के दो मानवबलों को ग्रामीणों ने बंधक बना पिटाई की है। इसकी जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची कोरानसराय पुलिस ने उन्हें ग्रामीणों के चंगुल से छुड़ाया। इस संबंध में चौगाई प्रशाखा के जेई शैलेश कुमार ने तीन नामजद व 10-12 अज्ञात ग्रामीणों पर एफआईआर दर्ज कराया है। पुलिस मामले की तफ्तीश में जुट गई है।

जानकारी के अनुसार नाजीरगंज निवासी ओमप्रकाश शर्मा पिता गुप्तेश्वर शर्मा बिजली कंपनी के चौगाई प्रशाखा में मानवबल के रूप में कार्यरत है। उसके मोबाईल पर कोरानसराय थाने के चौकीदार रामजी यादव का फोन आया। चौकीदार ने बताया कि बनकट गांव में एक भैंसा धारा प्रवाहित तार की चपेट में आ गया है। यह सुनते ही ओमप्रकाश ने तत्काल वहां स्थानीय क्षेत्र के मानवबल पीपरी निवासी शिवजी यादव को तार काट भैंसा को हटवाने के लिए भेजा। लेकिन जैसे ही शिवजी वहां पहुंचे तथा पोल के पास पहुंचे कि वहां पहले से मौजूद बनकट के लोध पासवान, विनोद पासवान तथा सोमारू पासवान समेत 10-12 अज्ञात ग्रामीणों ने उसे पकड़ पीटने लगे तथा उसके हाथ से पिलास भी छिन लिए। शिवजी किसी तरह फोन कर ओमप्रकाश को इस घटना की जानकारी दिया। ओमप्रकाश तत्काल वहां पहुंचा। लेकिन ग्रामीण उसकी भी पिटाई करने लगे। हालांकि वहां पहुंचने से पहले ओमप्रकाश ने इसकी सूचना कोरानसराय पुलिस को दे दिया था। सूचना मिलते ही कोरानसराय पुलिस मौके पर पहुंची तथा दोनों को ग्रामीणों के चंगुल से मुक्त कराया। इस घटना के बाद बिजली कंपनी के मानवबलों में आक्रोश व्याप्त है। कोरानसराय थानाध्यक्ष अभय कुमार सिंह ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

### रोटरी जगदीश आई अस्पताल परिसर में समारोह आयोजित कर 111 गरीबों के बीच बांटा गया कंबल

# जरूरतमंदों की सहायता करना हर सामर्थ्यवान का कर्त्तव्य: एसडीएम

**केटी न्यूज/डुमरांव**

मानवता की सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है। गरीबों के जीवन की रक्षा करना हर मानव का कर्तव्य है। सक्षम समाज थोड़ी सी भी मदद के लिए अपना कदम आगे बढ़ाये तो गरीब-असहायों के जीवन मे परिवर्तन हो सकता है। उक्त बातें डुमरांव एसडीएम कुमार पंकज ने नगर के विष्णु मंदिर के पास स्थित रोटरी जगदीश आई अस्पताल परिसर में कही। अवसर था जेपी मेमोरियल चौरिटेबल ट्रस्ट द्वारा समाजसेवी स्वर्गीय जगदीश प्रसाद की 16वीं पुण्यतिथि पर आयोजित कंबल वितरण समारोह का।



एसडीएम ने ट्रस्टी व रोटेरियन व स्व. जगदीश प्रसाद के पुत्र प्रदीप जायसवाल को इस आयोजन के लिए धन्यवाद दिया और कहा कि अपने पिता की स्मृति में इस तरह का आयोजन कर प्रदीप ने पुत्र का फर्ज निभाया है। इस मौके पर 111 गरीब असहायों के बीच कंबल का वितरण किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता रोटेरियन जगदीश प्रसाद आई हॉस्पिटल के प्रबंध ट्रस्टी रोटेरियन प्रदीप कुमार जायसवाल ने किया।

उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि कंबल वितरण के साथ-साथ गरीबों को मुफ्त में आंखों का ऑपरेशन किया जाता है। वर्ष 2023-24 सत्र में करीब एक हजार गरीबों के मुफ्त आंखों का ऑपरेशन करने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा कि समाज सेवा की यह सीख उन्हें अपने माता पिता से मिली है। यही कारण है कि वे अपने माता पिता की पूण्य तिथि पर हर साल समाज के जरूरतमंद लोगों की सेवा करते है। उन्होंने कहा कि उनका लक्ष्य बक्सर जिला को मोतियाबिंद मुक्त करना है। अस्पताल प्रबंधन द्वारा आगत अतिथियों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम का संचालन रोटेरियन शत्रुघ्न प्रसाद उर्फ मोहन गुप्ता और धन्यवाद ज्ञापन अजित जायसवाल ने किया। मौके पर डॉ शशांक शेखर, सुरेश सिंह, राजू राय, पारस सिंह, मंगल महेश, आरके उपाध्याय, अजय राय, राजू सिंह, संजय पांडेय, कमलेश सिंह, रमेश केशरी, भोला केशरी, प्रशांत जायसवाल, प्रमोद जायसवाल सहित अन्य उपस्थित थे।

## एक नजर

### डीएम ने किया रेलवे स्टेशन का निरीक्षण, यात्रियों के लिए मुकम्मल इंतजाम करने की दी हिदायत

**बक्सर।** छठ महापर्व के बाद वापस लौट रहे लोगों के कारण रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की भीड़ बढ़ गई है। लिहाजा रेलवे की व्यवस्था का जायजा लेने मंगलवार को जिलाधिकारी अंशुल अग्रवाल वहां पहुंचे। स्टेशन का निरीक्षण कर उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिया। डीएम के पहुंचने से अधिकारियों में हड़कंप मच गया। उन्होंने रेलवे द्वारा दी जा रही सुविधाओं का हाल जानने के बाद मुकम्मल इंतजाम करने की हिदायत दी। जिला प्रशासन द्वारा छठ पर्व पर भीड़ के मद्देनजर स्थानीय रेलवे स्टेशन एवं बस स्टैंड पर यात्रियों को आवश्यक सुझाव देने हेतु 21 नवंबर से 26 नवंबर तक के लिए को-ऑर्डिनेटर एवं दंडाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई है। प्रतिनियुक्ति कोऑर्डिनेटर दंडाधिकारी को विधि व्यवस्था संधारण हेतु सभी आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। डीएम द्वारा थानाध्यक्ष, अंचलाधिकारी एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी को छठ पर्व के समापन पर भीड़ के मद्देनजर विधि व्यवस्था संधारण हेतु भ्रमणशील रहते हुए सभी आवश्यक कार्रवाई करने का फरमान जारी किया गया है। वहीं अग्निशमन पदाधिकारी को उक्त अवधि में बक्सर रेलवे स्टेशन परिसर में आपातकालीन स्थिति से निपटने हेतु अग्निशमन वाहन तैयार हालत में रखने की जिम्मेवारी सौंपी गई है।

### अक्षय नवमी पर हुई आंवला वृक्ष की पूजा



**डुमरांव।** मंगलवार को अक्षय नवमी का त्योहार मनाया गया। इस दौरान महिलाओं ने सुबह में नहा धोकर आंवला वृक्ष के नीचे भगवान विष्णु की पूजा अर्चना की। परंपरा के अनुसार आंवला वृक्ष के नीचे ही विभिन्न तरह के व्यंजन बना उसका प्रसाद ग्रहण किया। मान्यता है कि अक्षय नवमी के दिन आंवला वृक्ष पर भगवान विष्णु व माता लक्ष्मी का वास रहता है। इस दिन किया गया दान पूण्य का फल भी अक्षय रहता है। सुबह से ही विभिन्न जगहों पर लगे आंवला वृक्ष के पास महिलाओं तथा श्रद्धालुओं का तांता पूरे दिन लगा रहा। बता दें कि इसके पहले महिलाओं द्वारा पूरे कार्तिक महीना में अल सुबह स्नान कर आंवला वृक्ष की पूजा की गई थी। वही अक्षय नवमी के दिन प्रसाद ग्रहण करने वालों की भीड़ लगी रही।

### ठंड ने दी दस्तक, बच्चे और बुजुर्ग हो रहे बीमार

**डुमरांव।** डुमरांव अनुमंडल में मौसम तेजी से बदल रहा है। इससे अधिकतम और न्यूनतम तापमान में लगातार फेर बदल देखने को मिल रहा है। दिन भर जहां गर्मी महसूस होती है और शाम होते ही ठंड लगना शुरू हो जाता है। इससे बच्चे और बुजुर्ग मौसमी बीमारी से ग्रसित हो रहे है। सरकारी अस्पताल हो या निजी अस्पताल मौसमी बीमारी से ग्रसित लोगों की संख्या बढ़ने लगी है। सुबह धूप निकलने के साथ ही गर्मी का अहसास होने लगता है लेकिन शाम होते ही लोगों को गुलाबी ठंड का अहसास होने लगता है। चिकित्सक डॉ शैलेश श्रीवास्तव ने कहा कि मौसम में हो रहे बदलाव का असर शहर की अपेक्षा गांवों में अधिक हो रहा है। सुबह और शाम ठंड का अहसास अधिक हो रहा है। अभी मौसम में काफी तेजी से बदलाव हो रहा है। इस समय सबसे अधिक बूढ़े और बच्चों को खतरा रहता है। ऐसे में बच्चों को गर्म कपड़ा पहनाये और धूप निकलने के बाद ही उसे घर से बाहर निकाले। इसके साथ ही बुजुर्ग लोग सुबह गर्म कपड़े पहनकर ही बाहर निकले। इसके साथ ही किसी तरह की परेशानी होने पर चिकित्सक से संपर्क करें।

### बाइक-कार की टक्कर में तीन युवक जख्मी

**नावानगर।** स्थानीय थाना क्षेत्र के परमडीह नहर पुल के पास मंगलवार को बाइक एवं कार में टक्कर हो गई। जिससे बाइक सवार तीन युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गए। दुर्घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी जख्मियों को स्थानीय सीएचसी में इलाज कराया। जिसमें गंभीर रूप से जख्मी दो युवक की चिंताजनक स्थिति को देखते हुए चिकित्सक ने बेहतर इलाज के लिए आरा रेफर कर दिया। जख्मी तीनों युवक भटौली गांव के अनिल कुमार यादव, मुकेश कुमार व एक अन्य बताए जाते हैं। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त बाइक व कार को जब्त कर थाना ले आए। घटना के संबंध ने बताया जाता है, कि तीनों जख्मी युवक अपने रिश्तेदारी देवगना गांव से एक ही बाइक पर सवार होकर अपने गांव भटौली लौट रहे थे। तभी परमडीह नहर पुल के पास सड़क के दूसरे छोर पर जाने के दौरान विपरीत दिशा से आ रही एक तेज रफ्तार कार ने बाइक में टकरा गया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि। तीनों बाइक सवार युवक सड़क पर गिर गए। जिसके चलते तीनों युवक को गंभीर चोटें आई है। इस संबंध में नावानगर थानाध्यक्ष राजीव रंजन ने बताया कि कार-बाइक की टक्कर में तीन युवक जख्मी हो गए हैं। जो इलाजरत है। कार एवं बाइक को जब्त कर लिया गया है।

### दो कोर्ट वारंटी गिरफ्तार, पुलिस ने भेजा जेल

नावानगर। सिकरौल थाना क्षेत्र के बाबूगंज इंग्लिश गांव से पुलिस ने दो कोर्ट वारंटी को गिरफ्तार कर मंगलवार को जेल भेज दिया। गिरफ्तार कोर्ट वारंटी रामाशीष सिंह एवं ओम प्रकाश सिंह है। जो रिश्ते में पिता - पुत्र बताए जाते हैं। दोनों कोर्ट वारंटी को पुलिस काफी दिनों से तलाश कर रही थी। सोमवार की देर शाम गुप्त सूचना पर उक्त गांव में छापेमारी कर दोनों कोर्ट वारंटी को धर दबोचा। साथ ही कागजी प्रक्रिया पूरी कर दोनों को कोर्ट में प्रस्तुत किया। जहां कोर्ट के आदेश पर दोनों को जेल भेज दिया गया।

# डीएम की देख रेख में हुई फसल की कटाई, बोले- सही आंकड़े प्रेषित करें

**केटी न्यूज/बलिया**

जिलाधिकारी रविंद्र कुमार की निगरानी में तहसील सदर, विकासखंड हनुमानगंज के राजस्व ग्राम पकड़ी में खरीफ फसल धान की क्राफ्ट कटिंग की कार्यवाही संपन्न हुई। इस दौरान मौके पर संबंधित कर्मचारियों द्वारा रैंडमली ऑनलाइन चयनित ग्राम के एक खेत में समबाहु त्रिभुज के प्रति 10 मीटर भुजा वाले क्षेत्र के अंतर्गत खरीफ फसल धान की कटाई एवं उससे प्राप्त धान का वजन किया गया। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को सही आंकड़े शासन को प्रेषित करने के निर्देश दिए, जिससे वास्तविक आंकड़े ही परिलक्षित हो।



क्रॉप कटिंग या फसल कटाई के प्रयोग द्वारा फसल की औसत पैदावार निकाली जाती है। क्रॉप कटिंग के आधार पर ही जनपद के कृषि उत्पादन के आंकड़े तैयार करके शासन को भेजे जाते हैं।क्रॉप कटिंग से प्राप्त आंकड़ों के आधार पर फसल बीमा धारक को नुकसान का मुआवजा दिया जाता है। कृषि विभाग जनपद के समस्त क्षेत्रों के क्रॉप कटिंग आंकड़ों का औसत निकाल कर शासन को भेजता है। इसके आधार पर ही जनपद में विभिन्न फसलों की प्रति हेक्टेयर उत्पादकता का निर्धारण किया जाता है। इस दौरान नायब तहसीलदार भोलाशंकर राय, राजस्व निरीक्षक अवधेश मिश्रा, कृषि विभाग के अधिकारी सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## बलिया के जिलाधिकारी ने श्रीरामपुर घाट पर कार्तिक पूर्णिमा स्नान की तैयारियों का लिया जायजा, दिए आवश्यक निर्देश

**बलिया।** जिलाधिकारी रविंदर कुमार मंगलवार को कार्तिक पूर्णिमा स्नान की तैयारियों का श्रीरामपुर घाट पहुंचकर जायजा लिया और नगरपालिका के अधिशासी अधिकारी (एसडीएम सदर)को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी वहां पहुंचकर गंगा आरती करने का मंच, प्रकाश,साउंड सिस्टम, लोगों को रात्रि विश्राम में रुकने के लिए टेंट की व्यवस्था शौचालय और पीने के पानी की व्यवस्था, मूल भूत व्यवस्था को समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए।

उन्होंने नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी से कहा कि पहले किस प्रकार से कार्तिक पूर्णिमा स्नान की व्यवस्था होती थी इसके बारे में पता लगाए और पूरी नगरपालिका की टीम(जेई,एई सहित अन्य कर्मचारी) को अलग-अलग कार्यों की जिम्मेदारी तय करते हुए सभी कार्य समय से पहले पूर्ण कर लें। उन्होंने गंगा तट पर बैरिकेडिंग की व्यवस्था करने और जागरूकता के लिए फ्लैक्स व बोर्ड लगाने के निर्देश दिए।साथ ही तट पर गोताखोर और जल पुलिस की भी व्यवस्था करने के निर्देश दिए। स्नान के दौरान उन्होंने साफ सफाई के विशेष इंतजाम करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सीआरओ त्रिभुवन और एसडीएम सदर आत्रेय मिश्र मौजूद थे।

## एक नजर

### रोजगार मेले में 87 अभ्यर्थियों का हुआ चयन

**मऊ।** जिला सेवा योजना अधिकारी एमआर प्रजापति ने बताया कि जिला सेवायोजन कार्यालय, राजकीय एवं कौशल विकास के सयुक्त तत्वावधान में राजकीय आईटीआई परिसर सहादतपुरा मऊ, में रोजगार मेले का आयोजन किया गया। रोजगार मेले में नेशनल स्किल डेवेलपमेन्ट कार्पोरेशन, गोल्ड माइन इण्डिया ग्रुप, महामाया विकास गारमेन्ट्स लि०, ब्राइट फ्यूचर आर्गेनिक हर्बल प्रा०लि०, द्वारा प्रतिभाग कर 148 अभ्यर्थियों में से 87 का चयन किया गया। रोजगार मेले के सफल क्रियान्वयन में कार्यालय के जिला सेवायोजन अधिकारी, सहित कार्यालय के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

### पराली जलाने पर रोक लगाएं: जिलाधिकारी

**मऊ।** जिलाधिकारी अरुण कुमार ने उच्चतम न्यायालय के निदेशों के क्रम में कृषि अपशिष्ट/पराली जलाये जाने की रोकथाम हेतु समस्त अधिकारीगण ग्राम पंचायत स्तर पर प्रभावी प्रवर्तन सुनिश्चित करने हेतु स्थानीय स्तर पर बीट कान्सटेबल, ग्राम प्रहरियों, राजस्व कर्मियों तथा ग्राम प्रधानगणों के माध्यम से निरन्तर व क्षण प्रतिक्षण सूचना प्राप्त करते हुए पराली जलाये जाने की घटनाओं को कड़ाई से नियंत्रित करने के निर्देश दिए।उन्होंने कहा कि मा० उच्चतम न्यायालय द्वारा प्रदत्त निदेशों का अनुपालन प्रत्येक दशा में अक्षरशः सुनिश्चित किया जाये तथा किसी भी परिदृष्य में मा० न्यायालय के आदेशों की अवहेलना उल्लघंन की स्थिति उत्पन्न न हो। यदि किसी प्रकार की अन्यथा स्थिति शासन के संज्ञान में आती है तो उक्त के लिए सम्बन्धित थाना के थानाध्यक्ष प्रत्यक्ष रूप से जिम्मेदार होगें। जिलाधिकारी ने समस्त उप जिलाधिकारी को निर्देश दिए कि पराली जलाने एवं प्रदूषित करने वाले अन्य कारको पर नियंत्रण हेतु समय-समय पर दिये गये महत्वपूर्ण व आवश्यक निदेशों को गम्भीरता से लेते हुए पराली जलाने से उत्पन्न समस्याओं के प्रति सजग करें। साथ ही साथ पराली जलने की घटना पर सम्बन्धित किसान से पर्यावरण कम्पन्सेशन की वसूली अधोरोपित करते हुए तत्काल वसूली करें।

### खेल हमारे जीवन का अभिन्न अंग: छत्रबली सिंह



**चंदौली।** महेंद्र टेक्निकल इंटर कॉलेज चंदौली के प्रांगण में मंगलवार को तीन दिवसीय मंडलीय परिषदीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें वाराणसी, चंदौली, जौनपुर तथा गाजीपुर की टीमों ने प्रतिभा किया। मुख्य अतिथि पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष छात्रबली सिंह ने प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि द्वारा सरस्वती के तैल चित्र पर माल्यार्पण किया। इसके बाद विभिन्न जनपदों से आए बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया तथा इसके उपरांत मुख्य अतिथि द्वारा मार्च पास्ट की सलामी ली गई। इस दौरान मुख्य अतिथि छत्रबली सिंह ने कहा कि खेल हमारे जीवन का अभिन्न अंग है। खेल से हम नई ऊंचाइयों को प्राप्त कर सकते हैं। खेल को खेल भावना से खेलें। वर्तमान में केंद्र और राज्य सरकार खेलों के उत्कृष्टता के लिए लगातार प्रयास कर रही है और आगे भी प्रयास करती रहेगी। खिलाड़ियों को बेहतर ट्रेनिंग व संसाधन मुहैया कराने का प्रयास निरंतर किया जा रहा है। खंड शिक्षा अधिकारी चकिया रामटहल द्वारा आए हुए अतिथियों का बेसिक शिक्षा परिवार की तरफ से स्वागत व अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के अध्यक्ष अजय कुमार सिंह, महामंत्री इम्तियाज खान, फैयाज अहमद, वीरेंद्र यादव, भूपेंद्र सिंह, अजीत कुमार यादव, अखिलेश श्रीवास्तव, कलिंद कुमार पांडे, महेंद्र पांडे, देव कुमार आनंद, प्रवीण त्रिपाठी, विकास यादव, अरविंद शुक्ला, यशवर्धन आदि उपस्थित रहे। अध्यक्षता मंडलीय सहायक शिक्षा निदेशक अरविंद कुमार पाठक तथा संचालन डा. ईश्वर चंद्र त्रिपाठी तथा विद्याधर मिश्र ने संयुक्त रूप से किया।

### घर घर दस्तक अभियान के तहत बांटे पर्चे



**चंदौली।** आम आदमी पार्टी ने मंगलवार को घर-घर दस्तक कार्यक्रम के तहत पर्चे बांटे। इन पर्चों में संजय सिंह की गिरफ्तारी का सच बताने का प्रयास किया गया है। आम आदमी पार्टी द्वारा प्रथम चरण में 25 लाख घरों में दस्तक देने जा रही है। अभियान के तहत कार्यकता हर घर पहुंच कर सांसद व यूपी प्रभारी संजय सिंह की ईडी द्वारा की गयी अवैध गिरफ्तारी का काला सच उजागर कर रहे हैं। मंगलवार को अभियान के तहत आम आदमी पार्टी चंदौली के कार्यकताओं ने जिला मुख्यालय स्थित कचहरी चंदौली से पर्चा वितरण अभियान की शुरूआत की और चंदौली सदर बाजार में दुकानदारों को एक-एक दुकान जाकर के पर्चा बांटा तथा घर-घर दस्तक दी। घर में मौजूद लोगों को दो पेज का दस्तावेज देकर आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष संतोष कुमार पाठक ने बताया गया कि केंद्र सरकार के इशारे पर संजय सिंह के ऊपर कारवाई की गई है। बताया कि संजय सिंह आम आदमी की आवाज, पटरी-रेहड़ी, दुकानदारों, पिछड़ों-दलितों की आवाज को संसद में उठा रहे थे तो उन्हें संसद से निलंबित किया गया। जब उन्होंने किसानों के संघर्ष की आवाज उठाई तो उन्हें ईडी का डर दिखाया गया। लेकिन संजय सिंह तब और हमलावर हो गये और उन्होने प्रधानमंत्री और अडानी के भ्रष्टाचार का सच उजागर करना शुरू कर दिया। कहा कि संजय सिंह ने जब केंद्र सरकार और उप्र सरकार के भ्रष्टाचार को उजागर करना शुरू किया तो संजय सिंह को जेल भेजने की साजिश रची गयी। जिला सचिव राजकुमार पासवान ने कहा कि हम भाजपा के काले कारनामों को बताने का काम करेंगे। मुगलसराय नगर सचिव रंजीत कुमार ने कहा आम आदमी पार्टी भ्रष्टाचार मिटाने के लिए बनी है और हम उनके भाजपा के कारनामों को घर-घर बताएंगे। इस मौके पर ज्ञान पांडेय, शिवानंद चौबे, राजकुमार पासवान, विवेक कुमार गुप्ता, कुशल, उज्जवल, वकील, सुनील कुमार, बंटी कुमार, संदीप गुप्ता, सत्येंद्र कुमार ,संतोष कुमार, शिव कुमार आदि उपस्थित रहे।

## खबरें फटाफट

### कोटेदार के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**पकड़ी।** पूर्ति निरीक्षक पंदह गुफरान राइन द्वारा मंगलवार को रक्सा गांव के कोटेदार के खिलाफ पकड़ी थाने में आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कराया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार गुफरान राइन पूर्ति निरीक्षक ने बताया कि कोटेदार जयंत राम द्वारा माह नवंबर का पूरा खाद्यान्न ग्रामीणों में नहीं बांटा गया और पूरा सारा खाद्यान्न बेच दिया गया। इसी प्रकार दिसंबर माह के राशन की भी कालाबाजारी की गई। इसकी शिकायत ग्रामीणों द्वारा जिला पूर्ति निरीक्षक से की गई थी। जांच के दौरान ग्रामीणों की शिकायत सही पाई गई। इसी को लेकर पकड़ी थाने में कोटेदार के खिलाफ 3/7 के तहत मुकदमा पंजीकृत कराया गया।

### भाई ने बहन के साथ की छेड़खानी

**बलिया।** यूपी पुलिस में कार्यरत कलियुगी भाई ने रिश्ते को तार-तार करते हुए अपनी ही चचेरी बहन के साथ मारपीट करने के साथ ही छेड़खानी की घटना को अंजाम दिया। पीड़िता का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। घटना खेजुरी थाना क्षेत्र के एक गांव की है। पीड़िता के अनुसार बीती रात उसके बड़े पापा के पुत्र ने पहले उसको धोखे से खेत में बुलाया फिर मारपीट की। इसके साथ हाथ पकड़कर घसीटते हुए ले जाने लगा तथा अभद्रता की। मामले में पीड़ित लड़की ने योगी सरकार से मांग किया है कि आरोपी भाई को सबसे पहले यूपी पुलिस से बर्खास्त किया जाए।

### ट्रेन से गिरकर अधेड़ की मौत

**बलिया।** उभांव थाना के मलेरा सुम्हा गांव के पास किसी ट्रेन से गिरकर अज्ञात अधेड़ व्यक्ति की मौत हो गया। जिसका शव मंगलवार की सुबह रेलवे ट्रैक किनारे मिला तो ग्रामिणों की भीड़ जुट गई। शव मलेरा सुम्हा गांव के पास रेलवे पोल संख्या 39/8 के पास ट्रैक किनारे मिला। सूचना मिलते ही उभांव थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर उसकी पहचान एवं पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू कर दिया। आशंका जताई जा रही है कि सुबह किसी चलती ट्रेन से उक्त व्यक्ति अचानक गिर गया। जिसकी रेल पोल से टकराकर मौत हो गई।

## बलिया, गाजीपुर, चंदौली और मऊ में भारत संकल्प यात्रा की हुई समीक्षा बैठक

# सरकार की योजनाओं एवं नीतियों के बारे में लोगों के बीच जागरुकता फैलाएं : नागर

**केटी न्यूज/बलिया**

विकसित भारत संकल्प यात्रा को सफल बनाने के लिए राज्य के विभिन्न जनपदों में तैयारियां जोरों पर हैं। इसी सिलसिले में भारत सरकार के द्वारा जनपद के नामित नोडल आलोक प्रेम नागर की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार विकसित भारत संकल्प यात्रा की बैठक आयोजित की गई। नोडल अधिकारी ने बताया कि इस संकल्प यात्रा का उद्देश्य अधिक से अधिक पात्र लोगों को सरकार की योजनाओं से आच्छादित करना है। उन्होंने जनपद स्तरीय अधिकारियों से इस संकल्प यात्रा की कार्ययोजना के बारे में विस्तृत जानकारी ली और आवश्यक दिशा निर्देश दिए।



इस संकल्प यात्रा का उद्देश्य भारत सरकार की विभिन्न महत्वपूर्ण योजनाओं जैसे दीनदयाल उपाध्याय अंतोदय योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्म योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधानमंत्री पोषण अभियान, स्वामित्व योजना, प्रधानमंत्री सम्मान निधि योजना, जनधन योजना, अटल पेंशन, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, हर घर जल-जल जीवन मिशन, मुद्रा लोन, आयुष्मान भारत गोल्डन कार्ड योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी, ग्रामीण) स्टार्टअप और स्टैंड अप इंडिया जैसे महत्वपूर्ण योजनाओं से पात्र लाभार्थियों का चिन्हांकन, पंजीकरण और लाभान्वित करना है। मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि उत्तर प्रदेश शासन के अनुपालन में योजनाओं के संतृप्तिकरण के लिए जागरूकता बढ़ाने के लिए ग्राम पंचायत स्तर पर समितियों का गठन कर दिया गया है। इन पंचायत स्तर की समितियों से ब्लॉक लेवल के विभिन्न विभागों के अधिकारी समन्वय स्थापित कर खंड विकास अधिकारियों को कार्यक्रम की रिपोर्ट देंगे और खंड विकास अधिकारी प्रतिदिन के कार्यक्रम का डाटा पोर्टल पर फीड कराना सुनिश्चित करेंगे। मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि विभिन्न विभागों की योजनाओं की प्रदर्शनी ग्राम पंचायत स्तर पर लगाने का निर्देश समिति को दे दिया गया है। सभी विभागों के पास पंम्फलेट सहित अन्य इंफ्रास्ट्रक्चर पहले से मौजूद है,इन सभी विभागों के द्वारा जागरूकता के लिए स्टॉल भी लगाए जायेंगे और वहीं पर योजनाओं से वंचित लाभार्थियों का पंजीकरण कर उनको लाभान्वित भी किया जाएगा। इस संकल्प यात्रा कार्यक्रम में व्यक्तिगत लाभार्थियों द्वारा गाथा गीत ₹मेरी कहानी, मेरी जुबानी₹ की प्रस्तुति भी की जाएगी और कृषि विभाग द्वारा ड्रोन और मृदा स्वास्थ्य कार्ड का प्रदर्शन भी किया जाए। इस संकल्प यात्रा की समीक्षा बैठक में नोडल अधिकारी ने जिलाधिकारी रविंद्र कुमार और मुख्य विकास अधिकारी ओजस्वी राज के विकसित भारत संकल्प यात्रा की कार्ययोजना की तारीफ की और इस बेहतरीन कार्ययोजना को बनानेके लिए शुभकामनाएं दी।

**योजनाओं से संतृप्त करने का प्रयास करें**

नोडल अधिकारी ने कहा कि ग्राम पंचायतों और नगर निकायों के मेंबरों , जो इन योजनाओं के पात्र लाभार्थी हैं और किन्हीं कारणों से योजनाओं के लाभ से वंचित हैं, को जोड़ते हुए उनके माध्यम से अन्य लोगों को चिन्हित कर इन योजनाओं से संतृप्त करने का प्रयास करें। उन्होंने कहा कि इस संकल्प यात्रा का उद्देश्य भारत सरकार की योजनाओं एवं नीतियों के बारे में लोगों के बीच जागरूकता फैलाना और प्रमुख सरकारी योजनाओं के साथ शत प्रतिशत परिपूर्णता हासिल करना है।इस बैठक में जिला विकास अधिकारी राजित राम मिश्र, परियोजना निदेशक उमेश मणि त्रिपाठी, कृषि उपनिदेशक मनीष कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम को लेकर हुई बैठक

**गाजीपुर।** योजनाओं की संतृप्तीकरण के लिए आउटरीच गतिविधियों के माध्यम से जागरूकता बढ़ाने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा के प्रभारी समन्वय एवं कार्यावन्यन के लिए भारत सरकार द्वारा जनपद के लिए नामित नोडल अधिकारी आलोक प्रेमनागर संयुक्त सचिव पंचायती राज मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा जिलाधिकारी की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम की तैयारियों के सम्बंध में बैठक कर अधिकारियों का आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिया कि जनपद स्तर पर विभिन्न विभागो द्वारा किये जा रहे कार्यक्रमों के समन्वय के लिए एक कन्ट्रोल रुम स्थापित किया जाएं। ग्रामीण संवाद यात्रा निकाली जाये। उन्होंने शासनादेश का अनुपालन करते हुए पांच प्रकार के स्टॉल-पेंशन योजनाओं, स्वास्थ्य सेवाओं, कृषि स्टॉल, स्वयं सहायता समूह स्टॉल, बैंकिंग क्षेत्र के स्टॉल को सम्बन्धित जिला स्तरीय अधिकारियों को सुनिश्चित किए जाने का निर्देश दिया। मुख्य विकास अधिकारी संतोष कुमार वैश्य ने पीपीटी के माध्यम से जनपद में विकसित भारत संकल्प यात्रा के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि यह कार्यक्रम जनपद गाजीपुर में 25 नवम्बर से समस्त 16 विकास खण्ड के अन्तर्गत कुल 1238 ग्राम पंचायतों व आठ नगरीय निकायों में सूचना, शिक्षा और संचार विषयक विशेष वैन द्वारा केन्द्र व राज्य सरकार की ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में आयोजित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं पर व्यापक प्रचार-प्रसार ऑडियो, विजुअल एड, ब्रोशर, पैम्फलेट, बुकलेट आदि के माध्यम से किया जायेगा।

## मासूम से अश्लील हरकत का आरोपी गिरफ्तार, पुलिस ने भेजा जेल

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

दुल्लहपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में 18 नवंबर की शाम मंदिर पर खेल रही छह वर्षीय मासूम के साथ गांव का ही अधेड़ सुरेंद सिंह ने दुष्कर्म का प्रयास किया था। पीड़िता की मां के चिल्लाने पर किसी तरह आबरू बची थी। जिसमें रात दस बजे दुल्लहपुर थाने पर परिजनों ने तहरीर दी थी। इसमें पुलिस ने कई संगीन केस दर्ज कर आरोपी की तलाश में कई गांव में रेड डाला था। जिसमें 20 नवंबर को विधायक बेदी राम ने पीड़ितों से मिलकर न्याय का भरोसा दिलाते हुए जल्द अरेस्ट की मांग की थी। उसके बाद एसओ अशोक मिश्रा ने थाने के उपनिरीक्षकों को भी जगह -जगह दबिश दे रहे थे। इस बीच बहलोलपुर चौकी प्रभारी ने कास्टेबल के साथ आरोपी को धर दबोचा।

### एससी एसटी एक्ट के तीन आरोपी गिरफ्तार

**बलिया।** शहर कोतवाली पुलिस ने मारपीट व एससी एसटी एक्ट के मामले में तीन आरोपियों को जगन्नाथ तिराहे के पास से मंगलवार की सुबह गिरफ्तार किया। आरोपियों का नाम रविन्द्र सिंह पुत्र स्वर्गीय शकंर दयाल सिंह निवासी परिखरा थाना बासंडीहरोड, सुधा सिंह पुत्र योगेन्द्र सिंह निवासी तपनी थाना सुखपुरा, धनजी यादव पुत्र अमरेश यादव निवासी करनई थाना सुखपुरा है। तीनों आरोपी काफी दिनों से फरार चल रहे थे। शहर कोतवाल संजय सिंह ने बताया कि तीनों आरोपियों के खिलाफ शहर कोतवाली में मुकदमा दर्ज हुआ था।

### जखनियां सीएचसी में आयुर्वेद अस्पताल का नही मिलता लाभ

**गाजीपुर।** जखनियां तहसील मुख्यालय के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के पास तहसील स्तर का आयुर्वेदिक अस्पताल हुसनपुर गांव का यहां स्थापित है। लेकिन मरीजों को पर्याप्त दवा मिल पाना मुश्किल है। यह अस्पताल छोटी क्षमता का है। इस वजह से दवा की आपूर्ति कम होती है। आए दिन लोग अस्पताल का चक्कर काट रहे हैं। दवा मिल नहीं रही है। यदि तहसील स्तर का आयुर्वेद का अस्पताल जखनियां तहसील मुख्यालय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अगल-बगल में होता, तो उसी स्तर से दवा की आपूर्ति होती। जखनियां के सर्वदलीय तहसील विकास एवं जन कल्याण संघर्ष समिति जखनियां अध्यक्ष देव नारायण सिंह, सवानंद चौबे, अश्वनी सिंह, सूर्यभान, धर्मेंद्र चतुर्वेदी, सहित अन्य ने डीएम और सीएमओ से आयुर्वेद अस्पताल की मांग की है।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा अभियान को गति देने के लिए बनी रणनीति

**केटी न्यूज/चंदौली**

कलेक्ट्रेट में मंगलवार को अफसरों की बैठक हुई। इसमें विकसित भारत संकल्प यात्रा के नोडल के रूप में केंद्रीय सूक्ष्म एवं मध्यम मंत्रालय के संयुक्त सचिव विपुल गोयल ने अफसरों के साथ अभियान को गति देने की रणनीति तैयार किया। उन्होने अभियान के दौरान विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को चयनित करके लाभ देने का निर्देश दिया। उन्होंने बताया कि नवंबर के तीसरे सप्ताह से 26 जनवरी के बीच आयोजित होने वाली विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान सरकार के विभिन्न विकासपरक एवं कल्याणकारी योजनाओं से पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित किया जाएगा। इसके प्रचार प्रसार के लिए शासन के द्वारा छह वाहनों को उपलब्ध कराया गया है। कहा कि प्रचार वाहन जिले के ग्रामीण और शहरी इलाकों में निर्धारित रूट चार्ट के अनुसार जाएंगे। इसके बाद जगह चयनित करके चौपाल में पात्र व्यक्तियों को सरकार द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ा जाएगा। इससे उनके जीवन स्तर में तेजी से बदलाव होगा। बताया कि चौपाल के दौरान विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाकर आम जन को योजनाओं की जानकारी दी जाएगी और पात्र व्यक्तियों को योजनाओं से संतृप्त भी किया जाएगा। बताया कि कार्यक्रम का वंचित लोगों तक प्रमुख योजनाओं को पहुंचाना, स्वच्छता सुविधाएं, एलपीजी गैस कनेक्शन, गरीबों के लिए आवास मुहैया कराना हैं। साथ ही योजनाओं से पात्र लोगों से बातचीत करके उनके अनुभवों को भी साझा किया जाएगा।

## बहुरहवा महादेव मंदिर में 22 से 28 नवंबर तक शिव पुराण कथा और रूद्र चंडी महायज्ञ का होगा आयोजन

# रूद्र चंडी महायज्ञ को लेकर निकाली गई कलश यात्रा, उद्घोष से गूंजा क्षेत्र

**केटी न्यूज/मऊ**

कोपागंज नगर क्षेत्र के वार्ड नंबर एक कोपा कोहना दक्षिणी स्थित बहुरहवा महादेव मंदिर में आगामी 22 नवम्बर से 28 नवम्बर तक होने वाले साप्ताहिक श्री शिव महापुराण कथा और रूद्र चंडी महायज्ञ को लेकर मंगलवार की सुबह एक भव्य कलश यात्रा निकाली गयी । इस कलश यात्रा में क्षेत्र के महिला, पुरुष, बच्चों की अच्छी भीड़ रही। इस शोभा यात्रा में भगवान विष्णु एवं लक्ष्मी महादेव की झांकी भी थी, जो कलश यात्रा की शोभा बढ़ा रही थी। देवी देवताओं के जयकार उद्घोष करते गाजे-बाजे के साथ निकली कलश यात्रा में महिलाएं सिर पर घड़ा रखकर चल रही थीं,। वातावरण भी गुंजायमान हो उठा था।



वहीं भीड़ को देख धर्म के प्रति लोगों में बढ़ती आस्था देखने को मिली। श्रद्धालुओं के उद्घोष से वातावरण भक्तिमय हो गया।कलश यात्रा में कथा वाचक अभिषेक जी महराज के नेतृत्व में बहुरहवा महादेव मंदिर के प्रांगण से निकलकर पूरे कस्बा के मुख्य मार्गो से भ्रमण होते हुए करते हुए प्राचीन गौरीशंकर मंदिर के परिसर में पहुंची। जहां महिलाओं ने नदी से जल भरा और फिर पुनः वापस अपने यज्ञ स्थल पर पहुंची, जिससे पूरा क्षेत्र गुंजायमान रहा।

### आंवला वृक्ष के छाया में भोजन से रोग होता है कोसों दूर

**गाजीपुर।** निजामुद्दीनपुर हनुमान मंदिर के आंवला वृक्ष के नीचे भाजपा कार्यकर्ताओं ने विष्णु भगवान की पूजन अर्चन के बाद आंवला वृक्ष के नीचे भोजन किया और पीएम मोदी और सीएम योगी के लगातार देश की उन्नति की कामना की। देवा गांव के सेक्टर प्रमुख भाजपा ओमप्रकाश चौरसिया ने कहा कि आंवले के पेड़ के नीचे पका हुआ भोजन खाने से भगवान विष्णु का आशीर्वाद प्राप्त होता है। इस दिन भगवान विष्णु की पूजा करते समय उन्हें भोग में आंवला जरूर चढ़ाएं। आंवले के पेड़ की 108 परिक्रमा कर दान करने से मनवांछित फल की प्राप्ति होती है। परिवार कष्टों से दूर रहकर निरोगी रहता हैं। इस मौके पर देवा ग्राम प्रधान दीपक चौरसिया,भाजपा मंडल अध्यक्ष मनोज यादव, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष सरवन सिंह, जनजाति मोर्चा मंडल अध्यक्ष रविंदर गौड, सेक्टर प्रभारी राजेश शर्मा, बीडीसी हरकेश राजभर, मनोज कुशवाहा, चंदन राजभर, ओम प्रकाश यादव, नीरज सिंह, संतोष चौरसिया, संजीव चौरसिया, सत्येंद्र चौरसिया, रामनाथ यादव आदि लोग उपस्थित रहे।

दाँत का अस्पताल
शिवम डेन्टल मल्टीस्पेशलिटी क्लिनिक
AN ISO certified Clinic 9001 : 2015
पता - पाल कॉम्पलेक्स महराजा पेट्रोल पंप के बगल में स्टेशन रोड़, डुमरांव
मोबाईल नम्बर 7992243949, 9570259286
E mail id - kundan95702@gmail.com
दंत-रोपण एवं टूटे हुए जबड़े की सफल सर्जरी

डा. हिमांशु पाण्डेय
सुप्रसिद्ध दंत चिकित्सक
शिवम डेन्टल मल्टीस्पेशलिटी क्लिनिक